महामंत्र जोइ जपत महेसू । कासीं मुकुति हेतु उपदेसू ॥
मंत्र महामनि बिषय ब्याल के । मेटत कठिन कुअंक भाल के ॥
Ram Katha 939 - मानस मंत्राष्टक || Troms, Norway || *मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 358 | इंदौर, बुधवार 10 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 9वीं में प्रवेश के लिए आयु में छूट

◆ 15 हजार से अधिक बच्चों को मिलेगा स्कूलों में प्रवेश



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। स्कूल शिक्षा विभाग ने 9वीं में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु (13 वर्ष) के बंधन में छूट दे दी है। अब 13 साल से दो-पांच महीने कम उम्र होने पर भी 9वीं में प्रवेश मिल जाएगा। इसका लाभ प्रदेश में 15 हजार से अधिक बच्चों को मिलने की उम्मीद है। बता दें कि 8वीं उत्तीर्ण कर चुके 13 साल से कम उम्र के बच्चों को 9वीं में प्रवेश नहीं दिया जा रहा था और न ही हाईस्कूल-हायर सेकंडरी परीक्षा के लिए उनके नामांकन कराए जा रहे थे।

स्कूल में प्रवेश के लिए 6 वर्ष आयु सीमा तय है। इसका पालन कराने का जिम्मा राज्य शिक्षा केंद्र पर है, पर देखने में आया है कि राज्य शिक्षा केंद्र नियम का पालन नहीं करा पा रहा है, जिस कारण 12 वर्ष और कुछ माह में विद्यार्थी 8वीं उत्तीर्ण कर तो लेता है, पर उसे 9वीं में प्रवेश नहीं दिया जाता। क्योंकि लोक शिक्षण संचालनालय के इस नियम को मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने इस वर्ष से अपने प्रवेश नियमों में शामिल कर लिया है। 12 जुलाई प्रवेश की अंतिम तारीख है। ऐसे में जिलों से लगातार मांग उठ रही थी कि 9वीं में प्रवेश के लिए आयु सीमा के बंधन को शिथिल किया जाए। उल्लेखनीय है कि ऐसे बच्चे सबसे ज्यादा सरकारी स्कूलों में हैं।

### मंत्री तक पहुंचा मामला

यह मामला जब स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह तक पहुंचा, तो मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए। इसके बाद विभाग ने 9 वीं में प्रवेश का आयु सीमा बंधन 13 वर्ष को वर्तमान शैक्षणिक सत्र के लिए शिथिल कर दिया है।

### नियमों में बदलाव संभव

इतना ही नहीं, स्कूल शिक्षा विभाग इस नियम को स्थाई रूप से शिथिल करने पर भी विचार कर रहा है, हालांकि इसके लिए बैठकें होंगी और फिर निर्णय लिया जाएगा। उम्मीद है कि इसे घटाकर 12 साल 6 माह किया जा सकता है।

# रोड से उतरकर पेड़ से टकराई कार, 5 की मौत, 6 घायल





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**नर्मदापुरम। नर्मदापुरम में टवेरा कार सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में 11 युवकों को चोट आई। पिपरिया अस्पताल लाते-लाते 5 युवकों ने दम तोड़ दिया। 6 युवक घायल हैं, जिन्हें रात में ही नर्मदापुरम के जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि सभी शादी में साड़िया गए थे। वहां से वापस पिपरिया लौट रहे थे। कार का ऊपरी हिस्सा पेड़ की डाल से रगड़ता हुआ निकला। इस वजह से सभी के सिरों में चोट आई है।**

घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात 2 बजे पिपरिया में साड़िया रोड पर हुई। मृतकों में 3 पिपरिया, 1 बरमान, नरसिंहपुर निवासी है। 5वें की पहचान नहीं हो पाई है। पिपरिया सिटी थाने के एसआई एमएस बट्टी ने बताया कि घायलों को गाड़ी के कांच तोड़कर बाहर निकाला गया। पुलिस मौके पर है। मामले की जांच की जा रही है।

### सामने से कार आने पर हुआ हादसा

पिपरिया निवासी घायल आदर्श चौरसिया का कहना है, साड़िया में रिश्ते के चाचा नीरज चौरसिया की शादी थी। वहां से ही पिपरिया लौट रहे थे। गाड़ी आयुष शर्मा चला रहा था। मैं पीछे बैठा हुआ था। हमारी गाड़ी नॉर्मल स्पीड में थी। सामने अचानक से कार आ गई। आयुष कंट्रोल नहीं कर पाया और टवेरा खेत में घुस गई।'

# आईएम आतंकी फैजान का फंडिंग कनेक्शन खंगाल रही एटीएस

## मारे गए आतंकियों के परिजन की करता था आर्थिक मदद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। एमपी एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) के आतंकी फैजान शेख को खंडवा से गिरफ्तार किया है। पांच दिन की रिमांड खत्म होने के बाद उसे मंगलवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां विशेष न्यायाधीश एमके मंडलोई ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।**

इससे पहले एटीएस फैजान को सलूजा कॉलोनी स्थित उसके घर लेकर गई। फिर जिला अस्पताल में मेडिकल कराया। रिमांड के दौरान फैजान ने लगातार चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। उसने 8 साल पहले भोपाल में हुए एनकाउंटर में मारे गए सिमी के 8 आतंकियों के परिजनों की आर्थिक मदद करने की बात स्वीकार की है।

**मैसेंजर एप के जरिए आतंकियों के संपर्क में था-** फैजान ने एटीएस की पूछताछ में कबूला है कि वह इंडियन मुजाहिद्दीन के एक आतंकी से मुलाकात करने हरियाणा के बड़खल गांव भी गया था। इसके अलावा उसने पश्चिम बंगाल की जेल में बंद आतंकी रकीब से जेल में जाकर मुलाकात की थी। तभी से वह आतंकी संगठनों के एजेंट्स के संपर्क में था।

पूछताछ में फैजान ने एटीएस अफसरों को बताया कि आतंकी संगठनों से बातचीत की कोशिश वह सोशल मीडिया के मैसेंजर एप के मार्फत कर रहा था। वह देश के कई राज्यों में जा चुका है। एक विदेशी आतंकी संगठन से संपर्क में रहने की जानकारी भी उसने एटीएस को दी है। पेशे से मैकेनिक फैजान की फंडिंग कनेक्शन को एटीएस खंगाल रही है। उसके सहयोगियों के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

**फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद एटीएस फैजान को लेगी रिमांड पर-** सूत्रों ने बताया कि एटीएस फैजान को पूछताछ के लिए फिलहाल रिमांड पर नहीं लेगी। एटीएस ने फैजान के मोबाइल और दूसरी डिजिटल डिवाइस को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा है। इनकी फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद एटीएस उसे रिमांड लेगी।

**रकीब की गिरफ्तारी के बाद फैजान एक्टिव हुआ-** एटीएस के आईजी डॉक्टर आशीष ने बताया कि रकीब की गिरफ्तारी के बाद फैजान एक्टिव हुआ था। हालांकि, वह ऐसा एक्टिव नहीं था जिससे उसकी पहचान हो जाए। वह पश्चिम बंगाल की जेल में बंद रकीब से मिलने भी पहुंचा था। जेल रिकार्ड में इस बात के प्रमाण मिले हैं।

फैजान पेशे से मैकेनिक है, इसके बाद भी वह एनकाउंटर में मारे जा चुके आतंकियों के परिजनों की आर्थिक मदद करता था। हालांकि वह बेहद मामूली रकम ही कई-कई महीनों के बीच आतंकियों के परिजनों को दिया करता था।

**बम बनाने के तरीकों को करता था सर्च-** फैजान के मोबाइल फोन की इंटरनेट हिस्ट्री में सैकड़ों बार बम बनाने के अलग-अलग तरीकों को सर्च करने की जानकारी मिली है। इन तरीकों को वह यू-ट्यूब पर सर्च करता था। विदेशी आतंकी संगठनों से उसके संपर्क की भी जांच की जा रही है। एटीएस की अब तक की जांच में फैजान की विदेश यात्रा के प्रमाण नहीं मिले हैं। सूत्रों का दावा है कि बंगाल में रकीब से मिलने पहुंचा फैजान वहां की एटीएस की नजर में आ गया था। इसका इनपुट एमपी एटीएस को दिया गया था।

# इंदौर आए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला दे गए नई सीख

## कैलाश विजयवर्गीय बोले, आप तो हेडमास्टर हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को इंदौर नगर निगम मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि लोकसभा और विधानसभा की तर्ज पर नगर निगमों में सदन को चलाने के लिए प्रक्रिया निर्धारित की जाना चाहिए। एक घंटे का शून्य काल हो, जिसमें विविध मुद्दे उठाए जा सकें।**



### नगरीय निकाय भी बुलाए विशेष सत्र

पानी, बिजली, सीवरेज जैसे मुद्दों पर चर्चा के लिए विशेष सत्र बुलाए जाएं। ऐसे प्रयास किए जाने चाहिए, जिससे सदन पूरे दिन चल सके। सकारात्मक रूप से जनता से जुड़ी समस्याओं पर चर्चा होनी चाहिए। जितना सुंदर इंदौर नगर निगम का सभागृह है, उतनी ही सुंदर इसकी कार्रवाई भी होना चाहिए।

इस सदन को ऐसे आदर्श स्थापित करना चाहिए ताकि प्रदेश के अन्य नगरीय निकाय यहां आकर देखें और सीखें कि नगर निगम सदन की कार्रवाई कैसे चलती है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, निगमायुक्त शिवम वर्मा, सांसद शंकर लालवानी, महापौर परिषद सदस्य और पार्षदों के साथ-साथ निगम के अधिकारी भी मौजूद थे।

### जलवायु परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौती

बिरला ने कहा कि जलवायु परिवर्तन देश ही नहीं, विश्व में सबसे बड़ी चुनौती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के माध्यम से दुनिया को दिशा दी है। कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जो 51 लाख पौधे रोपने का संकल्प लिया है, वह पूरे देश के लिए प्रेरणा का काम करेगा।

### उम्र में छोटे हैं लेकिन मैंने उनसे बहुत सीखा है

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि बिरला लोकतंत्र के मंदिर के रखवाले हैं। वह उम्र में भले ही मुझसे छोटे हैं, लेकिन मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है। हमने लोकसभा में गंभीरता, पवित्रता, निष्पक्षता देखी है। सांसदों का आचरण भी देखा है। हमने देखा है कि जब भी कोई सांसद बोलते हैं तो कोई शोर नहीं करता, लेकिन इस बार ऐसा नहीं हुआ। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान कुछ विपक्षियों ने जमकर हंगामा मचाया। विजयवर्गीय ने बिरला से कहा कि आप हेड मास्टर हैं। आप सासंदों को बताएं कि वे सदन में कैसा व्यवहार करें। आप उनके लिए आदर्श हैं। आपका गुस्सा क्षणिक होता है। जहां जरूरत होती है, आप गुस्सा दिखाते हैं और जहां जरूरत होती है, मुस्कुरा देते हैं। सांसद आपके चेहरे को देखकर समझ जाते हैं कि आप क्या चाहते हैं। सांसदों को यह समझना चाहिए कि वे लोकतंत्र के सबसे बड़े सदन में बैठे हैं। उन्हें पूरा देश देखता है। नगरीय निकाय के सदन उन्हीं से सीखते हैं।

# 10 साल बाद फिर नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए बनेगा बोर्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। जबलपुर स्थित मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय में मेडिकल पाठ्यक्रम ट्रांसफर हुए 10 साल बीत चुके हैं। इस दौरान नर्सिंग कॉलेजों में भारी गड़बड़ी और अनियमितताएं सामने आई है। कई कॉलेजों की मान्यता पर सवाल खड़े हुए हैं। इन सबके बीच उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश के बाद देवी अहिल्या विश्वविद्यालय नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा करवाने की तैयारी कर रहा है।**

### बोर्ड ऑफ स्टडीज गठन

इसके पहले विश्वविद्यालय प्रशासन को बोर्ड ऑफ स्टडीज और डीन तय करने होंगे। उसके बाद ही विश्वविद्यालय परीक्षा संचालित कर सकता है। इस संबंध में परीक्षा विभाग को आदेश मिल चुका है। इसके बाद बोर्ड ऑफ स्टडीज गठन करने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

### नए सिरे से तैयार करना होगा अध्यादेश

सप्ताह भर पहले विश्वविद्यालय की स्थायी समिति की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा करवाने पर सहमति बनी। 10 साल बाद दोबारा विश्वविद्यालय में नर्सिंग पाठ्यक्रम जोड़ा जा रहा है, मगर विश्वविद्यालय के दायरे में आने वाले कॉलेजों में पाठ्यक्रम संचालित करने को लेकर नए सिरे से अध्यादेश तैयार करना होगा।

**उसके लिए विश्वविद्यालय को बोर्ड आफ स्टडी गठित करना होगी। तीन से चार सदस्यों वाले बोर्ड को परीक्षा करवाने से जुड़े नियम और परीक्षा योजना बनाना होगी। नर्सिंग कोर्स के लिए डीन को पाठ्यक्रम भी तय करना होगा। नर्सिंग पाठ्यक्रम की परीक्षा करवाने के संबंध में निर्देश मिले है। उसके आधार पर बोर्ड आफ स्टडी गठित किया जा रहा है। इसके लिए शिक्षकों व प्राचार्यों के नाम मांगे है। यह प्रक्रिया अगस्त से पहले की जाएगी। परीक्षा योजना व पाठ्यक्रम भी तैयार होगा।**

**- डॉ. विष्णु मिश्रा, सहायक कुलसचिव, डीएवीवी।**

# अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने फूटी कोठी परिसर में रोपे 250 पौधे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। राज्य के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा शहर में 51 लाख पौधे रोपने के महाअभियान में अन्नपूर्णा क्षेत्र अग्रवाल महासंघ ने आज से 1100 पौधे लगाने की शुरूआत अग्रसेन धाम फूटीकाठी परिसर में 250 पौधे रोपकर की। इस दौरान समाजबंधुओं ने अपने नन्हे-मुन्ने बच्चों को भी अपने साथ रखकर उन्हें पौधे रोपने और हरियाली का महत्व भी बताया। कार्यक्रम में महासंघ के संरक्षक किशोर गोयल, मार्गदर्शक शिव जिंदल, उमेश अग्रवाल, अनिल अग्रवाल आदि ने भी पौधरोपण की महत्ता बताई। महासंघ के अध्यक्ष संजय गोयनका एवं संयोजक पिंकेश मोदी ने बताया कि सदस्यों को अपने घर-आंगन तथा आसपास के क्षेत्रों में उपयुक्त स्थान पर रोपने के लिए पौधे भी दिए गए। संस्था द्वारा इस अभियान में 1100 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। महामंत्री विष्णु गोयल एवं सहमंत्री धर्मेन्द्र गर्ग के अनुसार सोमवार को रोपे गए पौधों में सिंदूर, पारस पीपल, अशोक, अर्जुन, नीम सहित दस प्रजाति के पौधे शामिल हैं।

# ओम बिड़ला को भेंट की भगवान सहस्त्रार्जुन की तस्वीर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा का प्रतिनिधि मंडल मंगलवार को रेसीडेंसी कोठी पहुंचा जहां उन्होंने लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने महासभा द्वारा की जा रही सामाजिक गतिविधियों से अवगत कराया। स्पीकर बिड़ला ने प्रतिनिधि मंडल को हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक जायसवाल ने बताया कि मुलाकात के दौरान जायसवाल समाज के आराध्य भगवान सहस्त्रार्जुन की तस्वीर भी लोकसभा स्पीकर को भेंट की। रेसीडेंसी कोठी पर महासचिव इंजी. सूरजकुमार जायसवाल, युवा अध्यक्ष सचिन चौकसे, प्रचार मंत्री चरन जायसवाल, डीपी राय, गनी चौकसे, संतोष चौकसे, सुभाष जायसवाल सहित अन्य मौजूद थे।

# गीता भवन में इस बार भक्तों को चार संतों के प्रवचनों की अमृत वर्षा का पुण्य लाभ मिलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मनोरमागंज स्थित गीता भवन पर इस बार भी चातुर्मास के दौरान भक्तों को देश के चार बड़े संतों के प्रवचनों की अमृत वर्षा का पुण्य लाभ मिल सकेगा। गीता भवन पर चातुर्मास के प्रवचनों का शुभारंभ गुरू पूर्णिमा 21 जुलाई से प्रारंभ हो जाएगा। गुरू पूर्णिमा पर वृंदावन की गिरिराज वाटिका के विद्वान स्वामी वृंदावन दास महाराज का पादुका पूजन सुबह 10 बजे होगा। उनके प्रवचन 21 जुलाई से 4 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह 9 से 10 एवं शाम 5.30 से 6.30 बजे तक होंगे।**

गीता भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राम ऐरन, मंत्री रामविलास राठी एवं मनोहर बाहेती ने बताया कि गीता भवन पर 21 जुलाई से प्रारंभ होने वाले वृंदावन दास महाराज के प्रवचन 4 अगस्त तक प्रतिदिन सुबह-शाम दो सत्रों में होंगे। उनके बाद 5 से 19 अगस्त तक ऋषिकेश के स्वामी अखंडानंद महाराज, 20 अगस्त से 2 सितम्बर तक उज्जैन के स्वामी असंगानंद महाराज और 3 सितम्बर से 17 सितम्बर तक नैमिषारण्य के स्वामी पुरुषोत्तमानंद महाराज के प्रवचन होंगे। चातुर्मास के दौरान 11 अगस्त को तुलसी जयंती, 26 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी, 11 सितम्बर को राधा अष्टमी, 14 सितम्बर को गीता भवन के संस्थापक बाबा बालमुकुंद की पुण्यतिथि तथा 18 सितम्बर को चातुर्मास का समापन होगा। 7 सितम्बर को गणेश चतुर्थी पर 1008 लड्डुओं से गणेशजी की अर्चना होगी। इसके अलावा सावन माह के प्रत्येक सोमवार को बिल्वपत्र से भगवान शिव का पांच विद्वानों के सानिध्य में सुबह 10 से 11 बजे तक अभिषेक भी होगा। इस बार पहला सोमवार 22 जुलाई को, दूसरा 29 को, तीसरा 5 अगस्त को, चौथा 12 अगस्त को और पांचवां सोमवार 19 अगस्त को आएगा। गुरू पूर्णिमा से शुरू होने वाले चार संतों के प्रवचनों के आयोजन की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी है।

## परिवहन विभाग के अधिकारियों ने शैक्षणिक संस्थानों के स्वामियों के साथ की बैठक

# वषार्काल के दौरान स्कूली वाहनों के सुरक्षात्मक संचालन हेतु आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। वषार्काल के दौरान अतिवर्षा एवं बाढ़ से बचाव की तैयारियों एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर आशीष सिंह के निदेर्शानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले के शैक्षणिक संस्थानों के स्वामियों/प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इन्दौर में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा तथा सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना मिश्रा द्वारा बैठक ली गई। बैठक में अधिकारियों द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में विद्यार्थियों के परिवहन हेतु उपयोग में लायी जाने वाली प्रायवेट वेन, मेजिक, ऑटो रिक्शा इत्यादि वाहनों की अद्यतन जानकारी जैसे वाहन क्रमांक, ड्रायवर का नाम, मोबाईल नम्बर इत्यादि एकत्रित कर परिवहन कार्यालय में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। शैक्षणिक संस्थानों द्वारा पालकों को भी इस संबंध में छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन हेतु जागृत करने के लिये कहा गया। बताया गया कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की सुरक्षा स्क्वाड द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में आकस्मिक चैकिंग की जाएगी। शैक्षणिक संस्थानों के स्वामियों/प्रतिनिधियों को वषार्काल के दौरान वाहनों के सुरक्षात्मक संचालन हेतु सावधानियां बरतने हेतु निर्देशित किया गया ।



# इंदौर, 200 से ज्यादा जगहों पर जल भराव की समस्या!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर बारिश के लिए तैयार नहीं है। बल्कि इसका बड़ा इलाका बारिश में डूबने के लिए तैयार लग रहा है। शहर की 200 से ज्यादा ऐसी जगह हैं जहां बारिश में जलभराव हो जाएगा। लगातार पांच बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का तमगा हासिल करने वाले इंदौर शहर की सच्चाई से आज हम आपको रुबरू करा रहे हैं। शहर सफाई में तो अव्वल है लेकिन जल भराव में भी अव्वल बनता जा रहा है।नालों पर हो रहे लगातार अतिक्रमण और ड्रेनेज की सही व्यवस्था न होने से मानसून आते ही शहर डूबने की स्थिति में पहुंच जाता है।**



सफाई के साथ इंदौर को वैसे तो वॉटर प्लस का दर्जा भी मिला हुआ है। लेकिन नगर निगम की अदूरदर्शिता के कारण ये शहर बारिश के दिनों में डूबने के कगार पर पहुंच जाता है। शहर में 200 से ज्यादा इलाके ऐसे हैं जहां जल भराव के कारण लोगों को मुसीबत का सामना करना पड़ता है। पिछले साल की बात करें तो महज पांच इंच बारिश में इंदौर डूब गया था। इस बार भी ज्यादा राहत की उम्मीद नहीं है। एक साल में अधिकारी 251 जगहों में से सिर्फ 48 की मरम्मत कर पाए हैं। अभी भी 203 स्थान ऐसे हैं,जहां न तो जल निकासी की समुचित व्यवस्था है ना पर्याप्त ड्रेनेज लाइन। यही वजह है कि लोगों के घरों में पानी घुस जाता है। इससे उनका पूरा सामान खराब हो जाता है। उन्हें दूसरी जगह पनाह लेनी पड़ती है। शहर के जंजीरवाला चौराहे के पास पंचम की फेल के रहवासी हर साल बारिश के दिनों में मुसीबत का सामना करते हैं। ड्रेनेज की सही व्यवस्था न होने से उनके घरों में पानी भर जाता है। जिससे उनका घर गृहस्थी का सामान बरबाद हो जाता है। नगर निगम कमिश्नर प्रतिभा पाल का कहना है बारिश से पहले जल निकासी की व्यवस्था कर ली गई है। करीब 120 जगह ऐसी हैं,जहां जल जमाव होता है। उनमें से 20-25 इलाके ऐसे हैं जहां जल निकासी की स्थाई व्यवस्था कर दी गई है। कुछ जगहों पर कच्ची नालियों से पानी निकालने की व्यवस्था है। वहां परमानेंट व्यवस्था नहीं बनाई जा सकती है। बची हुई जगहों पर नगर निगम आने वाले दिनों में लगातार काम करेगा, ताकि वहां पानी के भराव को रोका जा सके।

शहर में जल भराव की समस्या को लेकर कांग्रेस हमलावर है। कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता नीलाभ शुक्ला का कहना है नगर निगम की लापरवाही की वजह से निचली बस्तियों में ही नहीं शहर की पॉश कॉलोनियां में भी 2 से 3 फीट तक पानी भर जाता है। ये समस्या सालों से चली आ रही है। इसका मुख्य कारण नाला टेपिंग है। शहर में बारिश का पानी निकलकर आसपास की नदियों में जाता था। लेकिन नाला टेप होने की वजह से पानी बैक वाटर के रूप में शहर में भर जाता है,थोड़ी सी बारिश में ही पूरा शहर जलमग्न हो जाता है। मानसून के पहले नगर निगम कोई ठोस प्रयास नहीं करता है,यही वजह रहती है कि बारिश होते ही देश के सबसे स्वच्छ शहर का भीभत्स रूप दिखाई देने लगता है।कांग्रेस के नाला टेपिंग के आरोपों पर नगर निगम के निवर्तमान अध्यक्ष और बीजेपी नेता अजय सिंह नरूका का कहते हैं कि नाला टेपिंग एक बहुत बड़ा काम है। इंदौर के लिए ये आवश्यक भी है। हालांकि इसमें कई कमियां देखने मे आ रही हैं। नगर निगम के ठेकेदारों, इंजीनियरों और कंसल्टेंट में सही समन्वयव न बन पाने के कारण कुछ खामियां रह गई हैं।जिसे जल्द ही दूर किया कर लिया जाएगा। मानसून से पहले जल भराव को रोकने के तात्कालिक प्रयास करने की जरूरत है। पहले चरण में बंद हुई ड्रेनेज लाइनों की युद्ध स्तर पर सफाई की जा रही है। दूसरे चरण में उपनालों को चिंहित कर उन पर से अतिक्रमण हटाया जा रहा है। उपनाले शहर की धमनियों का काम करते हैं। इनका पानी निकासी में अहम योगदान होता है। नालों और उपनालों को कनेक्ट करने के फॉर्मूले पर काम किया जा रहा है,जिससे भविष्य में इंदौर में जल जमाव की समस्या ही ना हो। दावे तो बहुत किए जा रहे हैं लेकिन हकीकत यही है कि मानसून को देखते हुए अब समय नहीं बचा है कि 203 स्थानों को दुरुस्त किया जा सके। ऐसे में इस बार लोगों को बारिश होते ही मुसीबत झेलनी पड़ेगी। लोगों को मुसीबत से बचाने के लिए नगर निगम को चाहिए कि वो पानी भरने वाले स्थानों पर एक-एक सब-इंजीनियर की ड्यूटी लगाए जो न केवल लोगों को अलर्ट करे बल्कि तत्काल जल निकासी की व्यवस्था कराए।

## हास्पिटल विवाद- तोडफोड़, मारपीट में दो पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। मयूर अस्पताल के डायरेक्टर की शिकायत पर पुलिस ने 18 दिन बाद दो आरोपियों पर तोडफ़ोड़ और मारपीट का केस दर्ज किया है। मयूर अस्पताल के डायरेक्टर रियाज सिद्दीकी की शिकायत खजराना पुलिस ने मोहम्मद अकील और मोहम्मद रहीम पर तोडफ़ोड़ का केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शेख रशीद (59) निवासी भूरी टेकरी को 14 जून को एमवाय अस्पताल से मयूर अस्पताल में शिफ्ट किया गया। उन्हें आंतों में बीमारी थी। 20 जून को उनकी तबीयत बिगड़ी और आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उनके बेटे शेख अकील और भांजे मोहम्मद रहीम को जानकारी दी गई। तबीयत में सुधार नहीं होने पर दोनों ने अस्पताल में तोडफ़ोड़ की,स्टाफ के साथ मारपीट भी की गई। अस्पताल में आग लगाने की धमकी भी दी। सूचना बाद पुलिस वहां पहुंची तो परिजन शांत हुए और अस्पताल का बिल पेमेंट नहीं कर चले गए। बाद में रियाज सिद्दिकी ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी देते हुए आवेदन दिया। उसमें मेडिकल प्रोटक्शन के तहत कार्रवाई की मांग की गई। जांच के बाद पुलिस ने तोडफ़ोड़ करने वाले आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर लिया है।

## मंगेतर पर किया हमला, छोटी बहन को भी मारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। एक युवती को उसके मंगेतर ने रोक लिया। युवती ने सडक़ पर बात करने से इनकार किया तो आरोपी ने धारदार पत्ती से हमला कर दिया। सडक़ पर ही बाल पकडक़र मारा। युवती की छोटी बहन बचाव करने आई तो उस पर भी पत्ती से हमला कर घायल कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक युवती की शिकायत पर उसके मंगेतर जीवन भदौरिया के खिलाफ धमकाने, मारपीट, धारदार हथियार से हमला करने और जबरन रास्ता रोकने के मामले में केस दर्ज किया है। युवती ने बताया कि वह अपनी छोटी बहन के साथ रात 9 बजे गोरी नगर में मेला देखने जा रही थी। सुखलिया में देवश्री तोल कांटे के यहां पहुंची तो वहां पल्सर बाइक लेकर आरोपी जीवन पहुंचा। उसने बाइक मोपेड के आगे अड़ाकर कहा कि मुझे बात करना है। युवती ने इनकार किया तो जीवन बाल पकडक़र मारपीट करने लगा। युवती भागने लगी तो जीवन ने जेब से धारदार पत्ती निकालकर हमला कर दिया। उसके सिर में भी चोट आई। बहन बचाव करने आई तो उस पर भी हमला कर दिया। दोनों बहनों ने परिवार को मोबाइल पर जानकारी दी। इसके बाद थाने आकर केस दर्ज कराया।

## दिगंबर जैन महिला संगठन जूनियर ग्रुप नेमीनगर ने किया पौधारोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पर्यावरण की रक्षा एवं मां के प्रति कृतज्ञता के लिए दिगंबर जैन महिला संगठन जूनियर ग्रुप नेमीनगर के द्वारा मंगलवार को नेमी नगर जैन कॉलोनी तथा केसर बाग रोड पर पौधारोपण किया। हरियाली महोत्सव में उपस्थित रहे जैन कालोनी गृह निर्माण सहकारी समिति के अध्यक्ष कुशल राज वेद, उपाध्यक्ष प्रेमचंद काला एवं रवि बिलाला, नेमी नगर जैन कालोनी के महामंत्री गिरीश पाटोदी। जूनियर महिला संगठन के पदाधिकारी दीपिका गंगवाल, सावन जैन, सविता जैन, अध्यक्ष जूनियर ग्रुप नेमी नगर नेहाली पतंगिया सचिव व सभी सदस्य शामिल हुए। साथ ही महिला संगठन इंदौर से रेखा पतंग्या, सरिता जैन उपस्थित हुई। नेहा जैन, अलका जैन और कृतिका सेठी ने सभी फलदार पौधों को प्रदान किया।

## अग्रसेन यूथ क्ल ब के सदस्य भी भागीदार बनेंगे अपने शहर को हरा-भरा बनाने में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अग्रवाल समाज की तरूणाई की प्रतिनिधि संस्था अग्रसेन यूथ क्लब द्वारा इस वषार्काल में 1100 पौधे रोपे जाएंगे। यूथ क्लब के सदस्यों ने शहर को हरा-भरा बनाने के अभियान में अपना योगदान देने के लिए नखराली ढाणी में आयोजित कार्यक्रम में यह संकल्प व्यक्त किया है। अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद सिंघल ने मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व अध्यक्ष संजय बांकड़ा, दिनेश बंसल, प्रयोग गर्ग, अतुल गर्ग एवं संदीप गोयल ऑटो की मौजूदगी में क्लब के सचिव प्रतीक गुप्ता, अंकित फार्मा, सौरभ बालाजी एवं अन्य सदस्यों तथा पदाधिकारियों को यह शपथ दिलाई। क्लब के सदस्य समाज के अन्य बंधुओं को भी इस अभियान से जोडऩे के लिए पूरे वषार्काल में प्रेरित करेंगे।

## मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित

इंदौर। निर्वाचन आयोग द्वारा नगर पालिकाओं की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2024 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने संबंधी कार्यक्रम जारी किया गया था। अपरिहार्य कारणों से आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से नगर पालिकाओं की मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

## नलकूपों के खनन पर लगाया गया प्रतिबंधात्मक आदेश शिथिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा ग्रीष्म ऋतु में इन्दौर जिले में मध्यप्रदेश पेयजल परीरक्षण अधिनियम 1986 तथा संशोधित नियम 2002 में निहित प्रावधानों के अंतर्गत सम्पूर्ण जिले में अशासकीय एवं निजी नलकूपों के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था। वर्षा ऋतु आरम्भ होने से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा उक्त आदेश को शिथिल कर दिया गया है।

## दस किलो के त्रिशूल सहित कांटाफोड़ मंदिर के 90 श्रद्धालु हुए अमरनाथ के लिए प्रस्थित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। नवलखा स्थित मनकामेश्वर कांटाफोड़ शिव मंदिर के 90 श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को जब मालवा एक्सप्रेस से अमरनाथ यात्रा के लिए प्रस्थित हुआ तो सैकड़ों भक्तों ने बाबा बर्फानी के जयघोष एवं बोल बम के उदघोष से रेलवे स्टेशन को गुंजायमान बनाए रखा। सभी श्रद्धालुओं को विधायक गोलू शुक्ला ने रेलवे स्टेशन पहुंचकर विदाई दी। इस अवसर पर मंदिर ट्रस्ट की ओर से अध्यक्ष विष्णु बिंदल, टीकमचंद गर्ग एवं संयोजक बी.के. गोयल सहित अनेक पदाधिकारियों ने यात्रा पर जा रहे भक्तों का पुष्प मालाओं से स्वागत किया।

संयोजक बी.के. गोयल ने बताया कि यात्रियों के साथ करीब 10 किलो वजन का त्रिशूल भी अमरनाथ ले जाया जा रहा है। सुबह यात्रा के कांटाफोड़ मंदिर से रेलवे स्टेशन रवाना होने के पूर्व मंदिर के पुजारी पं. हरिशंकर शास्त्री ने इस त्रिशूल को मनकामेश्वर महादेव को समर्पित कर पूजा-अर्चना के बाद अमरनाथ के लिए बिदा किया। मंदिर के भक्त सुशील प्रजापति इस त्रिशूल को लेकर जा रहे हैं। इस बार अमरनाथ जाने वाले भक्तों में तीन सेवादार भी जा रहे हैं, जो 12 जुलाई को सुबह बाबा की गुफा का पुष्प एवं अन्य अलंकरणों से श्रृंगार करेंगे । आज प्रस्थित हुए भक्तों में 55 पुरुष एवं 35 महिलाएं शामिल हैं। इन्हें बैंडबाजे के साथ मंदिर से स्टेशन लाया गया और वहां आत्मीय समारोह में विधायक गोलू शुक्ला ने सबको भावपूर्ण विदाई दी। सभी श्रद्धालु 17 जुलाई को इंदौर लौट आएंगे।

## मंत्री विजयवर्गीय ने ताई को मंच से दिया पत्र का जवाब

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन द्वारा महापौर पुष्यमित्र भार्गव को 51 लाख पौधारोपण को लेकर लिखे पत्र का जवाब मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने आज एक कार्यक्रम के दौरान मंच से दिया। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मंच से कहा कि- 51 लाख पौधारोपण हो रहा है। लोग बहुत सारी शंका भी कर रहे हैं, कि पेड़ लग तो जाते हैं, लेकिन रक्षा नहीं करते हैं। हमने हर समाज को दस-दस पेड़ दिए हैं। अग्रवाल समाज को अग्रसेन वन, महेश्वरी समाज को महेश वन, दलित समाज को बाबा आंबेडकर वन। सभी समाज के लोग आएंगे और पौधरोपण करेंगे। यह



उनकी जवाबदेही होगी कि वह इन पौधों को देखें। साथ में हम भी देखेंगे। इस बार हमने पांच फिट के पेड़ लगाए हैं, जिनका जीवित रहने का प्रतिशत 90 से 99 फीसदी है। इस बार 51 लाख पेड़ लगा रहे हैं। अगले साल इन्हें गिनेंगे और फिर हम 51 लाख पेड़ लगाएंगे। हर पांच साल यह 51-51 लाख पेड़ लगाएंगे। अभी हम हरियाली में 17वें नंबर पर हैं, लेकिन पांच साल में हम क्लीन इंदौर की तरह ग्रीन इंदौर बनेंगे। हरियाली में नंबर वन बनेंगे। बता दें कि पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ने महापौर भार्गव को पत्र लिख पौधों के देख रेख और इस अभियान को सिर्फ दिखावा न बन जाए पर सवाल किया था जिसका जवाब स्वयं मंत्री विजयवर्गीय ने सबके समाने ताई को दिया.विजयवर्गीय के इस जवाब के बाद ताई ने उनकी तारीफ की। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि ताई हमें आशीर्वाद देने आई हैं। वह साक्षात अहिल्या स्वरुपा हैं।

# कांग्रेस, गोंगपा बोलीं- बीजेपी बंटवा रही शराब

◆ अमरवाड़ा के वीडियो दिखवाए; भाजपा का जवाब- इल्जाम लगाने की आदत पुरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छिंदवाडा।** अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव में भाजपा पर शराब और पैसा बंटवाने के आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने वीडियो जारी कर मतदाताओं को प्रलोभन देने की बात कही है। गोंगपा उम्मीदवार देव रावेन भलावी का दावा है कि 8 जुलाई की रात ओझल ढाना में उनके कार्यकतार्ओं ने 4 पेटी शराब पकड़ी थी। इसे बीजेपी कार्यकर्ता मतदाताओं में बांट रहे थे। टोका तो गाड़ी और शराब छोड़कर भाग गए। कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ प्रभारी नितिन उपाध्याय का कहना है, ह्य7 जुलाई के एक मामले की शिकायत मैंने की है। छिंदी गांव के कुछ लोगों ने बताया कि भाजपा के नेता और मंत्री उन्हें पैसे दे रहे हैं। लगातार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं।

भाजपा के छिंदवाड़ा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव बोले, ह्यकांग्रेस और गोंगपा दोनों को ही






पता चल गया है कि वे उपचुनाव बुरी तरह हार रहे हैं। कांग्रेस की पुरानी आदत है कि उन्हें इल्जाम किसी न किसी पर लगाना है। इसीलिए मनगढ़ंत बातें फैलाएंगे, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

अमरवाड़ा में 10 जुलाई को उपचुनाव होना है। नतीजा 13 जुलाई को आएगा। गोंगपा के अलावा बीजेपी से कमलेश शाह, कांग्रेस से धीरन शाह मैदान में हैं।

कांग्रेस और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने वीडियो जारी कर बीजेपी नेताओं पर शराब बांटने के आरोप लगाए हैं।

### क्या है इन वीडियो में...

29 सेकंड के पहले वीडियो में 4 पेटी शराब, बाइक नजर आ रही है। वीडियो में नजर आ रहे युवक आपस में बातचीत कर कह रहे हैं, ह्ये उनकी गाड़ी है, नाम हीरा है उनका, उपसरपंच बोलते हैं, एमपी 28 एमएच 1362 ... एक गाड़ी में चार पेटी शराब ले जा रहे थे। ये वीडियो ओझल ढाना का बताया जा रहा है।

1.57 के दूसरे वीडियो में 3 युवक बाइक पर हैं। उनसे कोई पूछताछ करता नजर आ रहा है। उसके पूछने पर युवक खुद को करीली का रहने वाला बताते हुए कहते हैं, ह्यबटका खापा गए थे। वहां कमलेश शाह के लोग 500-500 रुपए बांट रहे थे। फूल में वोट देने का कहकर रुपए दे रहे थे। पूछताछ करने वाला कहता है, ह्यकितने लेकर आए? युवक कहते हैं, ह्यपुलिस आ गई थी, इसीलिए भाग आए।

9 सेकंड के तीसरे वीडियो में भीड़ नजर आ रही है। भीड़ से कोई सवाल कर रहा है, ह्यक्यों आए? जवाब मिलता है, ह्यपैसे लेने आए भाईसाहब...। सवाल करने वाला फिर पूछता है, ह्यपैसा कौन बांट रहा है? इसके जवाब में कहा जाता है, ह्यबीजेपी का। ये वीडियो छिंदी का बताया जा रहा है।

# घर के सीक्रेट गोदाम में मिले दो भाइयों के शव

### 500 लीटर पेट्रोल छिपा रखा था

### गैस से दम घुटने की आशंका

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सीहोर।** इछावर में घर में बने पानी के टैंक में दो सगे भाइयों की लाशें मिली हैं। पुलिस ने इस टैंक से 8 कैन में रखा करीब पांच सौ लीटर पेट्रोल भी बरामद किया है। आशंका है कि पेट्रोल से बनी गैस की वजह से दोनों का दम घुट गया। पुलिस ने बताया कि बोरदीकलां गांव में जयसवाल परिवार सीमेंट की दुकान चलाता है। परिवार में चार भाई- पंकज, नरेंद्र, राहुल और गोलू जयसवाल एक साथ रहते हैं। मंगलवार सुबह पंकज और नरेंद्र उठे थे तो राहुल और गोलू गायब थे। फोन लगाए तो रिंग घर में ही बजी। इसके बाद दोनों भाइयों की तलाश शुरू की गई। सीसीटीवी कैमरे खंगालने पर राहुल और गोलू देर रात करीब 3 बजे घर में ही बने पानी के टैंक में घुसते दिखे, लेकिन बाहर नहीं आए। पंकज और नरेंद्र तुरंत टैंक के पास गए। झांका तो राहुल (28) और गोलू (25) की लाशें दिखीं। मामले की जांच के लिए राजस्व विभाग की एक टीम भी मौके पर पहुंची है।

### पानी के टैंक में बना रखा था सीक्रेट गोदाम

परिजन ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षा इंतजाम के साथ टैंक में उतरी। यहां डेढ़ फीट पानी के बीच 60-60 लीटर की 8 कैन में रखा करीब पांच सौ लीटर पेट्रोल मिला। इछावर थाना प्रभारी ब्रजेश कुमार ने बताया, ह्यआशंका है कि दोनों भाई अवैध रूप से पेट्रोल की खरीद-फरोख्त का काम करते थे। रात में स्टॉक निकालने के लिए वे टैंक में घुसे होंगे, लेकिन पेट्रोल से बनी गैस की वजह से उनका दम घुट गया।ह्व उन्होंने कहा- एफएसएल टीम ने भी मौके की जांच की है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो पाएगी।

# थाने पहुंचकर बोला- साहब, मैं जिंदा हूं...

### बाइक समेत नदी में कूदा था राजस्थान का युवक, पुलिस एक घंटे खोजती रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**राजगढ़।** राजगढ़ में राजस्थान का एक बाइक सवार युवक पुल से नेवज नदी में कूद गया। घटना का पता लगते ही पुलिस रेस्क्यू टीम के साथ मौके पर पहुंची। कुछ घंटे बाद नदी में बाइक मिली, लेकिन युवक का कुछ पता नहीं चल सका। घटना सोमवार रात करीब साढ़े 9 बजे की है। रेस्क्यू टीम नाव की मदद से बाइक सवार को खोजती रही, उधर युवक तैरकर बाहर निकला और थाने पहुंच गया। बोला- पुलिस मुझे ही नदी में खोज रही है, मैं तो जिंदा हूं। इसके बाद रेस्क्यू को बंद किया गया।

युवक का कहना है कि पत्नी मायके चली गई है। ससुरालवाले मुझे धमकाते हैं। बेटी से भी कहते हैं कि तेरा पति पागल है। पुलिस से भी शिकायत की, लेकिन वे मुझे भगा देते हैं।

अर्द्धनग्न हालत में थाने पहुंचे युवक ने बताया कि मेरा नाम विट्ठल तंवर (22) है। मैं राजस्थान के दांगीपुरा थाना क्षेत्र के हिनोतिया रोड़ान गांव का रहने वाला हूं। जब मैं छोटा था, तब मेरे घरवालों ने मेरी शादी कर दी थी। 5 साल पहले मेरे पिता जी का देहांत हो गया। पत्नी दो साल पहले अपने मायके गई, इसके बाद वापस नहीं लौटी। उसे लेने जाता हूं तो ससुराल वाले धमकाते हैं, उसे मेरे साथ नहीं भेजते हैं।

युवक ने बताया कि ससुराल वाले बोल रहे हैं कि फैसला कर लो। अपनी पीड़ा बताने के लिए मैं थाने पर 10 से ज्यादा बार आ चुका हूं, लेकिन पुलिस वाले भी मुझे धक्का देकर भगा देते हैं। वे भी कहते हैं, फैसला कर। मैंने अपनी फरियाद महिला थाने में भी सुनाई, लेकिन वहां पर भी मेरी नहीं सुनी गई।

# महाकाल में श्रावण-भादौ में भस्मारती का समय बदलेगा

### श्रावण मास में 5 सवारी व भादौ में 2 सवारी निकलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** श्रावण-भादौ मास में प्रतिदिन भगवान श्री महाकालेश्वर की भस्म आरती 22 जुलाई से 2 सितम्बर तक प्रातःकालीन पट खुलने का समय प्रातः 3 बजे होगा। प्रत्येक सोमवार को भस्म आरती का समय प्रातः 2.30 बजे होगा। भस्म आरती प्रतिदिन प्रातः 3 से 5 बजे तक और प्रत्येक सोमवार को 2.30 से 4.30 बजे तक होगी। इसी तरह 3 सितम्बर से पट खुलने का समय पूर्ववत होगा। श्रावण-भादौ मास में भस्म आरती में श्रद्धालुओं की संख्या कम की जाकर कार्तिकेय मण्डपम की अन्तिम तीन पंक्तियों से श्रद्धालुओं के लिये चलित भस्म आरती दर्शन की व्यवस्था रहेगी।

श्रावण-भादौ मास में भगवान श्री महाकाल की सवारियां निकाली जायेंगी। श्रावण मास की प्रथम सवारी 22 जुलाई को निकाली जायेगी। भादौ मास में भगवान महाकाल की अन्तिम शाही सवारी 2 सितम्बर को निकाली जायेगी। श्रावण मास में पांच सवारी एवं भादौ मास में दो सवारी निकलेगी। सवारियों के क्रम में प्रथम सवारी सोमवार 22 जुलाई, द्वितीय सवारी सोमवार 29 जुलाई, तृतीय सवारी सोमवार 5 अगस्त, चतुर्थ सवारी सोमवार 12 अगस्त, पंचम सवारी सोमवार 19 अगस्त को श्रावण मास में निकाली जायेगी। इसी तरह भादौ मास में छठवीं सवारी सोमवार 26 अगस्त और शाही सवारी सोमवार 2 सितम्बर को निकाली जाएगी।

**ये होगा सवारी मार्ग-** भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी श्री महाकालेश्वर मन्दिर के सभा मण्डप में विधि-विधान से पूजन-अर्चन कर अपने निर्धारित समय पर प्रारम्भ होकर मन्दिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस बल के जवानों द्वारा भगवान श्री महाकाल को सलामी देकर सवारी गुदरी चौराहा, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी से होते हुए रामघाट शिप्रा तट पहुंचेगी। यहां सवारी का पूजन-अर्चन होने के बाद सवारी रामानुजकोट, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चौक, खाती समाज मन्दिर, सत्यनारायण मन्दिर, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी बाजार होती हुई श्री महाकालेश्वर मन्दिर में वापस आयेगी।

# ममेरे भाई की सिर में गोली मारकर हत्या

### बहन के यहां बहस हुई, घर लौटकर हमला किया, परिजन ने शव रख जाम लगाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर। ग्वालियर में एक युवक ने अपने ममेरे भाई के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। घटना थाटीपुर थाना क्षेत्र के दुल्लपुरा गांव में सोमवार - मंगलवार की देर रात की है। मृतक और आरोपी के घर आस-पास हैं।**

तनाव को देखते हुए बड़ी संख्या में गांव में पुलिस फोर्स तैनात करना पड़ा है। हत्या के आरोपी लोकेंद्र घुरैया (गुर्जर) और उसके साथी फरार हैं। बताया जाता है कि दोनों भाई लश्कर में बहन के यहां पच्छ देकर लौटे थे। वहां दोनों के बीच कहासुनी हो गई थी।

गांव लौटने पर लोकेंद्र ने नरोत्तम गुर्जर (42) को घर के बाहर कुएं के पास घेरा और लाइसेंसी 315 बोर की राइफल से गोली चला दी। अस्पताल में डॉक्टरों ने नरोत्तम को मृत घोषित कर दिया। घटना से नाराज परिजन ने मंगलवार दोपहर थाटीपुर चौराहे पर शव रख जाम लगा दिया है। वे आरोपी का घर गिराने की मांग कर रहे हैं।

# नाले में बही कार, दूसरे दिन मिली एडीपीओ की लाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी। शिवपुरी की बुधना नदी में गिरी कार से लापता एडीपीओ राकेश रोशन भदौरिया की लाश घटनास्थल से 4 किलोमीटर दूर मिली है। रेस्क्यू टीम सोमवार से एडीपीओ की तलाश में जुटी थी।**

पिछोर न्यायालय में सहायक अभियोजन अधिकारी राकेश रोशन रविवार शाम को अपने साथी शिवम गुप्ता के साथ घर से निकले थे। इसके बाद सोमवार सुबह उनकी कार बुधना नदी के पुल के नीचे मिली। कार में शिवम का शव था। देर शाम तक नदी में एडीपीओ की तलाश की गई, अंधेरा होने पर रेस्क्यू बंद कर दिया गया। आज सुबह फिर तलाश करने पर दोपहर करीब 12 बजे उनका शव मनबुली गांव के पास मिला।

एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया, ह्यएडीपीओ राकेश रोशन का शव बुदना नदी में ही माताटीला डेम के करीब 4 किमी पहले पत्थरों में फंसा था। प्रारंभिक पड़ताल और ग्रामीणों से पूछताछ में यह बात निकलकर सामने आई है कि सुजवाया गांव स्थित पुलिया पर पानी था, जिससे कार निकालते समय हादसा हुआ है।ह्व

शिवपुरी की बुधना नदी में सोमवार दोपहर को एक कार मिली थी। कार को जब नदी से निकाला गया तो उसमें एक व्यापारी की लाश मिली। मृतक की पहचान शिवम गुप्ता (35) के रूप में की गई। नदी में गिरी कार पिछोर कोर्ट में पदस्थ एडीपीओ राकेश रोशन की थी। राकेश और शिवम पड़ोसी हैं। रविवार देर रात तक जब दोनों का पता नहीं चला तो परिजन ने पिछोर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की।

पिछोर एसडीओपी प्रशांत शर्मा ने बताया कि पिछोर निवासी शिवम गुप्ता के पिता थाने आए थे। उन्होंने बताया कि बेटा रविवार शाम करीब 8 बजे से लापता है। वह राकेश रोशन के साथ गया था। सोमवार सुबह 9:45 बजे पिछोर टीआई रत्नेश यादव के पास कॉल आया कि पिछोर चंदेरी रोड पर बुधनी नदी में पुल के नीचे कार का टायर दिख रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार बाहर निकाली। कार के बाहर आते ही पता चला कि यह गाड़ी एडीपीओ राकेश रोशन की है।

## संपादकीय

# भविष्य में पानी घटेगा

देशभर में भू-जल के स्तर में आ रही कमी को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जा रही है। हालत यह है कि देश के कई इलाकों में पीने के पानी तक की जरूरत को पूरा करना मुश्किल हो रहा है। मगर इस चुनौती से निपटने के नाम पर अब तक कोई ठोस पहलकदमी नहीं दिखती है। अब भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) गांधीनगर के एक नए अध्ययन में दावा किया गया है कि वर्ष 2002 से लेकर 2021 तक लगभग 450 घन किलोमीटर भूजल घट गया है और निकट भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण इसकी मात्रा में और गिरावट आएगी। अध्ययन के दौरान यह भी पाया गया कि पूरे उत्तर भारत में 1951-2021 की अवधि के दौरान मानसून की बारिश में 8.5 फीसद की कमी आई है और सर्दियों में तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है। यानी औसत बारिश का आंकड़ा और भू-जलस्तर दोनों में कमी आ रही है। अगर यही स्थिति बनी रही तो भविष्य में पेयजल संकट की कल्पना ही की जा सकती है। यह तय माना जा रहा है कि मानसून में कम बारिश होने और सर्दियों में तापमान बढ़ने के कारण सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ेगी। इस कारण उत्तर भारत में पहले से ही कम हो रहे भूजल संसाधन पर और अधिक दबाव पड़ेगा। गौरतलब है कि भू-जल पुनर्भरण का काम बरसात, तालाब और झीलों के जरिए भी होता है। मगर जलशक्ति मंत्रालय की वर्ष 2023 की एक सर्वे रपट के मुताबिक, देशभर में हजारों तालाब गायब हो चुके हैं। कहीं तालाबों की जमीन पर अतिक्रमण कर ढांचे खड़े कर दिए गए हैं तो कहीं देखरेख के अभाव में तालाब और झील पूरी तरह सूख गए हैं। ऐसे में जरूरी है कि तालाबों और झीलों को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक स्तर पर अभियान शुरू किया जाए। हालांकि, कई राज्यों में इसको लेकर योजनाएं शुरू की गई हैं, लेकिन इनका कोई ठोस परिणाम अभी तक सामने नहीं आया है। कुछ राज्यों में भू-जल निकालने पर प्रतिबंध है, इसके बावजूद चोरी-छिपे यह काम जारी है। ऐसे लोगों पर शिकंजा कसने के लिए स्थानीय स्तर पर प्रशासन को चुस्त-दुरुस्त करना होगा। इसके अलावा वर्षाजल के संग्रहण और पानी के पुनः उपयोग को बढ़ावा देने पर भी गंभीरता से विचार करना होगा, ताकि भू-जल पर निर्भरता को कम किया जा सके।

अर्ज किया है..!

*तिश है काम कमाँ*
*में उसे लगाने तक*
*ये तीर ख़ुद ही चला जाएगा*
*निशाने तक*

इफ़्तिख़ार नसीम

## OSHO कहिन


"चिंता करने का मतलब है कि ईश्वर की व्यवस्था पर शक करना।"



## ज्ञान-विज्ञान

# China के इस डैम ने धीमी कर दी पृथ्वी के घूमने की गति

### जानिए क्यों विवादित है दुनिया का सबसे बड़ा बांध?



बारिश का मौसम है. नदियों में जलस्तर बढ़ रहा है. ऐसे में बांध की अहमियत बढ़ जाती है. बांध न हों, तो पानी रिहायशी इलाकों में घुस जाता है. यूं तो बांध फायदेमंद हैं. बाढ़ रोकने में. बिजली पैदा करने में. लेकिन एक बांध ऐसा भी है, जो विवादास्पद है. ये दुनिया का सबसे बड़ा बांध है.

चीन के थ्री गॉर्जेस डैम की वजह से होने वाले नुकसान के बारे में जानकर आप हैरान रह जाएंगे. इस बांध ने पृथ्वी के घूमने की स्पीड को ही धीमा कर दिया है. दुनिया का सबसे बड़ा बांध चीन में है, जिसका नाम है 'थ्री गॉर्जेस डैम' (Three Gorges Dam). ये एक hydroelectric gravity dam है.

चीन के हुबेई प्रांत में यांग्जी नदी (Yangtze River) पर बना है. यांग्जी दुनिया की तीसरी सबसे लंबी नदी है. इस नदी की लंबाई छह हजार किलोमीटर से भी ज़्यादा है. यांग्जी नदी में आने वाली भारी बाढ का इतिहास गवाह है. हर दस साल में एक बार इसके किनारे बह जाते थे. सिर्फ 20वीं सदी के दौरान ही इसमें आई बाढ से करीब 3 लाख लोग मारे गए थे.

**आकार, ऊंचाई, लागत ... सब बेतहाशा–** बाढ़ को नियंत्रित करने, डेढ़ करोड़ लोगों और लाखों एकड़ कृषि भूमि को बचाने के लिए इस बांध को बनवाया गया था. स्टील और कॉन्क्रीट से बना ये डैम 2.3 km लंबा, 115 मीटर चौड़ा और 185 मीटर ऊंचा है. दुनिया का सबसे बड़ा डैम है, तो जाहिर है कि सबसे महंगा भी होगा. इस बांध के निर्माण की लागत करीब ढाई लाख करोड़ रुपये से भी ज़्यादा आंकी गई है. पूरी बनने में करीब दो दशक लग गए. इसका निर्माण साल 1994 में शुरू हुआ था. 2012 में ये बनकर तैयार हुआ.

**हजारों टन स्टील का हुआ इस्तेमाल–** Three Gorges Dam को बनाने में चार लाख 63 हजार टन स्टील का इस्तेमाल हुआ है. इतनी स्टील से 60 एफिल टॉवर खड़े कर सकते हैं. इस बांध से इतनी बिजली पैदा हो रही है, जिससे कई छोटे देशों को रोशन किया जा सकता है. इसमें 22,400 मेगावाट ऊर्जा उत्पन्न करने की क्षमता है.

**क्यों विवादित है ये बांध**?– चीन भले ही ये दावा करता है कि वो बाढ़ के पानी को रोकने में सफल रहा है, लेकिन Three Gorges Dam जल प्रदूषण और पर्यावरणीय खतरों को लेकर विवादों में घिरा हुआ है. आज भी, चीन भारी बारिश और भयंकर बाढ़ से जूझ रहा है. इससे बांध की दक्षता पर सवाल खड़ा होता है.

**भूस्खलन और बाढ़ का असर–** 1992 में जब बांध के निर्माण की योजना शुरू हुई, तो कई वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी थी कि इस बांध से आसपास के द्वीपों पर दबाव बढ़ेगा. इससे भूस्खलन हो सकता है. जैव विविधता को खतरा होगा. 2003 में, 700 मिलियन क्यूबिक फीट की चट्टान यांग्जी से 2 किमी दूर किंगगन नदी में समा गई. इसमें 14 लोगों की जान चली गई थी.

इसके बावजूद, China Yangtze Three Gorges Development Corporation ने अपने जलाशय में जल स्तर 445 फीट से बढ़ाकर 512 फीट कर दिया. इससे दर्जनों भूस्खलन हुए. 2020 में भी flood waves की वजह से बांध के गेट खुल गए थे. यह फ्लैश फ्लड था. तब से, यांग्त्ज़ी नदी बाढ़ से जूझ रही है.

बाढ़ से चीन के कई हिस्सों में सैकड़ों लोगों की जानें गई हैं. 14 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं. उनके घर तबाह हो गए. सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि बाढ़ में डूब गई. यांग्जी नदी के किनारे बसे दो शहर और 100 से ज्यादा कस्बे और 1600 गांव डूब गए.

पानी के वजन ने यांग्जी नदी के किनारों के महत्वपूर्ण हिस्सों को तबाह कर दिया. इससे बांध की दक्षता पर सवाल खड़े हो गए हैं. विशेषज्ञों का कहना है कि यह छोटी बाढ़ को तो झेल सकता है, लेकिन बड़ी बाढ़ को नहीं.

**डैम से हुए हैं कई नुकसान–** यह बांध दो बड़ी फॉल्ट लाइन्स पर बना है. इसलिए यहां भूकंप आते हैं. 2003 में एक पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर नदी में गिरा था, जिसमें 24 लोग मारे गए थे. एक बार तो बांध की दीवार पर दरारें भी आ गई थीं, जिससे रिसाव का खतरा बढ़ गया था.

चीन में थ्री गॉर्जेस बांध के आसपास के क्षेत्र में 6400 पौधों की प्रजातियां, 3400 कीट प्रजातियां, मछलियों की 300 प्रजातियां और 500 से ज़्यादा स्थलीय कशेरुक प्रजातियां पाई जाती हैं. इस बांध की वजह से ये प्रजातियां खतरे में आ गई हैं. Three Gorges dam से सूखा और बीमारियां भी बढ़ी हैं.

Uttarpradesh

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हादसे में 18 की मौत, बिहार से दिल्ली आ रही डबल डेकर बस दूध के टैंकर से टकराई

**उन्नाव, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के उन्नाव में भीषण सड़क हादसा हुआ है. यहां लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर टैंकर और डबल डेकर बस की टक्कर हो गई, जिसके बाद बस कई बार पलट गई. इस हादसे में 18 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 19 से ज्यादा लोग घायल बताए जा रहे हैं.

जानकारी के मुताबिक, डबल डेकर बस (UP95 T 4720) बिहार के मोतिहारी से दिल्ली आ रही थी. जब बस सुबह करीब 5.15 बजे उन्नाव के बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गढ़ा गांव के सामने पहुंची तभी पीछे से तेज रफ्तार दूध से भरे टैंकर ने ओवरटेक किया और इसी दौरान बस से टक्कर हो गई. यह हादसा इतना



भीषण था कि डबल डेकर बस के परखच्चे उड़ गए. जहां हादसा हुआ, उस जगह लाशों का अंबार लग गया. तड़के हुए इस हादसे ने इलाके में हड़कंप मचा दिया. मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया. उन्नाव के डीएम गौरंग राठी ने बताया, 'यह हादसा सुबह करीब 5.15 बजे हुआ था. बिहार के मोतिहारी से आने वाली एक प्राइवेट बस की दूध से भरे टैंकर से टक्कर हो गई. इस हादसे में 18 लोगों की मौत हो गई, जबकि 19 यात्री घायल हैं. शुरुआती जांच से पता चलता है कि बस ओवर स्पीड में थी. सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है.' इस हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी थी. सूचना मिलते ही बांगरमऊ के इंस्पेक्टर भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. उन्होंने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ पहुंचाया.

Uttarpradesh

## महाराष्ट्र में एक और हिट एंड रन, कार की टक्कर से 20 मीटर दूर गिरी महिला; मौत

**नाशिक, (एजेंसी)** पुणे में पोर्श कार, मुंबई में BMW कांड के बाद अब महाराष्ट्र के नाशिक से एक और हिट एंड रन का केस सामने आया है। यहां एक कार ने सड़क चलती महिला को तेज टक्कर मार दी, जिसके बाद उसकी मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला काफी दूर जाकर गिरी। खास बात है कि पूरी घटना CCTV में कैद भी हो गई है। फिलहाल, पुलिस जांच कर रही है।

नाशिक में मंगलवार को एक तेज रफ्तार कार ने एक महिला को चपेट में ले लिया। मृतका की पहचान वैशाली शिंदे के रूप में हुई है। खबर है कि टक्कर के बाद महिला 15 से 20 मीटर दूर जाकर गिरी थी। CCTV फुटेज में नजर आ रहा है कि महिला सड़क से गुजर रही है। तभी एक सफेद रंग की कार उन्हें टक्कर मार देती है।

हादसे में घायल हुई 36 वर्षीय शिंदे को अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया। टक्कर के बाद ड्राइवर मौके से भाग गया था। अब खबर है कि पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है।

Greater Noida

## नाबालिग युवती से मिलने आए युवक की परिजनों ने पीट-पीटकर की हत्या, पुलिस ने तीन को किया गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेटर नोएडा के दनकौर के गांव पिपलका में नाबालिक युवती से मिलने आए एक युवक कमल (20 वर्ष) की युवती के परिजनों ने मारपीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करते हुए तीनों को गिरफ्तार कर लिया है।



गांव अस्तौली के रहने वाला कमल अपने साथी जितेंद्र के साथ मंगलवार को पहले से परिचित एक नाबालिग युवती से मिलने गया था। इस दौरान युवती के पिता व गांव के कुछ अन्य लोगों ने उसको देख लिया। गुस्साए परिजनों ने जितेंद्र व कमल के साथ मारपीट कर दी। घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई। दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान कमल ने दम तोड़ दिया।

एडीपीसी ग्रेटर नोएडा अशोक कुमार ने बताया कि इस मामले में मृतक पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और तीनों को ही गिरफ्तार कर लिया गया है।

New Delhi

## माउंट एवरेस्ट पर चले लात-घूंसे, सेल्फी के चक्कर में आपस में भिड़े टूरिस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कई बार लोगों में ऐसी छोटी चीजों को लेकर झड़प हो जाती है जो समझ से परे होती है। गुस्से में लोग न जगह देखते हैं न माहौल देखते हैं बस एक दूसरे पर हावी होने पर तुल जाते हैं। हाल में ऐसा ही कुछ दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ माउंट एवरेस्ट पहुंच रहे टूरिस्ट के बीच देखने को मिला।

29,030 फीट यानी 8848 मीटर की ऊंचाई पर लड़ाई और वह भी सेल्फी लेने के लिए व्यूइंग पॉइंट के लिए? ये अविश्वसनीय और मजाकिया लगता है, लेकिन सच है। हाल में जब चीन के टूरिस्ट्स के दो अलग-अलग ग्रुप चीन के तिब्बत ऑटोनॉमस रीजन में स्थित 8848 व्यूइंग प्लेटफॉर्म पर पहुंचे, तो उन्होंने यात्रा को यादगार बनाने के लिए सेल्फी लेने का फैसला किया गया। जब उनके टूर गाइड ने उन्हें एवरेस्ट एलिवेशन मोन्युमेंच के बगल में एक साथ फोटो खिंचवाने के लिए कहा, तो दोनों ग्रुप सेल्फी के लिए सबसे अच्छी जगह बताने लगे।

इसी फोटो पोज को लेकर पहले तो दो लोगों में बहस हुई और फिर चल पड़े लात घूंसे। जी हां, ये लात घूंसे माउंट एवरेस्ट पर चले। मामला 25 जून का है। वायरल हुए घटना के वीडियो में एक महिला दोनों को रोकती दिख रही है लेकिन मामला बढ़ता जा रहा है।

आखिरकार, एवरेस्ट सीमा पुलिस शिविर के अधिकारियों ने मामले में हस्तक्षेप किया और दोनों को अलग किया। आगे की जांच के लिए बवाल में शामिल चार लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। अधिकारियों ने नियत समय में कार्यवाही पर अपडेट करने का वादा किया है।

खेल

# विंबलडन : रूने को हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच

### इस मामले में जिमी कॉनर्स को पीछे छोड़ा

**लंदन, (एजेंसी)** सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने होल्गर रूने को हराकर वर्ष के तीसरे ग्रैंडस्लैम विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जोकोविच ने खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए रूने को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। जोकोविच का सामना अब सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स डि मिनौर से होगा जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में फ्रांस के आर्थर फिल्स को 6-2, 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी।

**जोकोविच के सामने चुनौती पेश नहीं कर सके रूने-** रूने जोकोविच के सामने संघर्ष करते दिखे। विंबलडन में सात बार के चैंपियन जोकोविच ने बेहतर प्रदर्शन किया और पहली सर्विस से 75 प्रतिशत अंक जुटाए। जोकोविच ने इसके साथ ही दो ब्रेक प्वाइंट भी बचाए। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, मुझे बहुत खुशी है, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो मुझे लगता नहीं कि रूने इस मैच में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के करीब भी पहुंचे। उनके लिए शुरुआत ही कठिन रही थी और उन्होंने पहले 12 प्वाइंट गंवा दिए थे।



**जोकोविच 15वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे**

जोकोविच करियर में 15वीं बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं और वह इस ग्रास कोर्ट के टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा बार अंतिम आठ में पहुंचने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं। जोकोविच ने इस मामले में जिमी कॉनर्स को पीछे छोड़ दिया है जो कुल 14 बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे थे। जोकोविच से आगे सिर्फ रोजर फेडरर हैं जिन्होंने 18 बार वर्ष के तीसरे

### मुसेती पहली बार अंतिम आठ में

इटली के लोरेंजो मुसेती ने फ्रांस के जियोवान्नी एमपेत्सी को हराकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। मुसेती ने 21 वर्ष के प्रतिद्वंद्वी को 4-6, 6-3, 6-3, 6-2 से मात दी। पुरुष सिंगल्स वर्ग के अन्य मैच में गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने 16वें वरीय उगो हम्बर्ट को 6-3, 6-4, 1-6, 7-5 से पराजित किया। वहीं, टॉमी पॉल ने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट को 6-2, 7-6 (3), 6-2 से हराकर पहली बार विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

सिनेमा

## 'मिर्जापुर 3' के ठंडे भौकाल पर बोलीं शो की एक्ट्रेस, 'इस बार पॉलिटिक्स ज्यादा, नहीं दिखा सकते वायलेंस'



'मिर्जापुर 3' को आए अभी कुछ ही दिन हुए हैं मगर पिछले दो सीजन्स के मुकाबले इस बार शो को जनता से ठंडा रिस्पॉन्स मिल रहा है. क्रिटिक्स से लेकर जनता तक, 'मिर्जापुर' के नए सीजन की पेस स्लो होने की शिकायत करते दिखे.

अब 'मिर्जापुर' में शबनम लाला का किरदार निभाने वालीं एक्ट्रेस शेरनवाज जिजिना ने तीसरे सीजन को मिल रहे रिस्पॉन्स पर बात की है. शेरनवाज ने कहा कि इस बार मेकर्स ने कुछ अलग करने की कोशिश की थी. उन्होंने ये भी बताया कि फैन्स को चौथा सीजन भी जल्द ही मिलने वाला है और इसके लिए मेकर्स ने कुछ नए प्लान बनाए हैं.

शेरनवाज ने न्यूज 18 के साथ बातचीत में कहा, 'पिछले सीजन्स के मुकाबले ये सीजन अलग है. ये 'हाउस ऑफ कार्ड्स' (इंग्लिश वेब सीरीज) वाले जोन में ज्यादा है. इस बार शो में एक मजबूत पॉलिटिकल एंगल है जो जरूरी था क्योंकि हर बार भयानक हिंसा नहीं दिखाई जा सकती. इस सीजन को बड़े स्मार्ट तरीके से बनाया गया है. लेकिन ठंडा नहीं पड़ा है, आपको थोड़ा दिमाग चलाना पड़ता है.'

## Highlights

1. **Will talk about it in Parliament: Rahul on meet with Capt Singh's mother**
2. **How did police catch Mihir Shah 3 days after he killed woman in BMW hit-and-run?**
3. **Tomato rates rise to ₹90/kg in Delhi as supplies hit due to rain**
4. **Salazar Pit Viper, real-life 'Harry Potter' snake, found in Assam's Kaziranga National Park**
5. **Why is ink being applied on voters' middle finger in today's by-polls?**
6. **Salaries of IIT graduates drop to ₹15-16 lakh a year: Report**

# Broking firm Angel One faces massive data leak, data of 8 million users affected: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Financial services company Angel One reportedly suffered a massive data breach which is likely to impact nearly 8 million customers. The Economic Times reported that a hacker leaked personal information, including names and addresses of the affected users on a website. The hacker is said to have accessed sensitive data which includes profit and loss statements of affected customers, the report claimed. As per the report, a cyber security consultant said that the data is from around 2023.



The Mumbai-based stock broking firm suffered a data breach in April last year as well but at the time the company did not disclose the number of customers affected by the same. Angel One then said that information related to funds and securities were safe despite the breach as the company revealed that malicious actors had gained access to the names, mobile numbers and the email addresses of affected users.

According to cyber security firm Check Point, India suffered 2,138 weekly attacks per organisation in 2023 while Cisco's 2024 Cybersecurity Readiness Index noted that only 4 per cent of Indian organisations have a 'mature' level of readiness to deal with cyber security related risks and about 37 per cent of the organisations in India are at the 'progressive' stage.

Globally, just 3 per cent of organisations are 'mature', as per the report. Elevate your career with VIT's MBA programme that has been designed by its acclaimed faculty & stands out as a beacon for working professionals.

# Government employees may soon get 50% of last pay as pension under NPS: Report

**NEW DEIHI, (Agency).** Central government employees who are covered under the National Pension System (NPS) may soon receive 50 per cent of their last drawn pay as pension as the government seeks to address concerns over payout disparities, The Times of India reported. This comes after Finance Minister Nirmala Sitharaman's




announcement a committee chaired by Finance Secretary TV Somanathan to explore this initiative.

The government has ruled out a return to the Old Pension Scheme (OPS) which guaranteed a defined benefit of half of the last salary drawn as lifelong pension, adjusted with the Pay Commission recommendations, the report added. The NPS is a defined contribution scheme in which employees contribute 10 per cent of their basic salary and this contribution is matched by a 14 percent from the government. The Somanathan committee reviewed global practices and studied outcomes in changes brought by state governments like Andhra Pradesh, the report claimed. After assessing the impact of offering assured returns, the report said that the government could soon guarantee 50 per cent of the last pay drawn for employees who serve 25-30 years.

# होटल में पुलिस ने मॉक ड्रिल कर सुरक्षा परखी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। शहर की सुरक्षा व्यवस्था तथा शहर में विभिन्न आयोजनों को दृष्टिगत रखते हुए इंदौर पुलिस द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन में शहर के महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की चैकिंग व निरीक्षण एवं आपातकालीन स्थिति में पुलिस, प्रशासन व संस्थानों की क्या सुरक्षा तैयारियां है इसका भी जायजा लिया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस उपायुक्त (आसूचना एवं सुरक्षा) हंसराज सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (सुरक्षा) प्रमोद सोनकर के मार्गदर्शन में इंदौर पुलिस की सुरक्षा शाखा एवं बीडीडीएस टीम द्वारा आज होटल श्रीमाया आर एन टी मार्ग इंदौर में किसी आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु किस प्रकार बेहतर सुरक्षा संबंधी प्रबंधन किया जाए इस संबंध में मॉक ड्रिल की गई। इस ड्रिल में बीडीडीएस प्रभारी निरीक्षक खालिद मुश्ताक के दिशा निर्देशन में, इंदौर पुलिस एवं बीडीडीएस टीम ने होटल श्रीमाया के सुरक्षा स्टाफ को भी लेकर, किसी आपातकालीन परिस्थितियों/लावारिस (विस्फोटक सामग्री वाली) वस्तु मिलने पर किस प्रकार से कार्यवाही की जाए एवं जनता की सुरक्षा का ध्यान किस प्रकार रखा जाए आदि बातों का जीवंत अभ्यास कराया गया। साथ ही पुलिस अधिकारियों द्वारा वहा की सुरक्षा के संबंध में स्टाफ के साथ बात की तथा उन्हें ऐसी परिस्थिति में क्या करे और क्या न करें आदि महत्वपूर्ण जानकारी भी दी।




## युवती से मोबाइल और बुजुर्ग से चेन लूटी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** रिंग रोड पर एक युवती का मोबाइल आरोपी लूटकर भाग गए। युवती रिंग रोड पर खड़ी थी। इसी दौरान आरोपी फोन छीनकर भाग गया। खुशी सोनी (24) आलोक नगर की शिकायत पर बाइक सवार बदमाश के खिलाफ केस दर्ज किया है। युवती ने पुलिस को बताया कि वह मयूर हास्पिटल के सामने सर्विस रोड पर खड़ी हुई थी। तभी मेरे सामने से मोटरसाइकिल सवार एक बदमाश आया। वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही आरोपी हाथ से मोबाइल फोन झपट्टा मारकर छीनकर ले गया। आरोपी का पीछा किया लेकिन वह तेजी से वहां से भाग गया। पलासिया पुलिस ने केस दर्ज किया है। दूसरी वारदात में एयरपोर्ट रोड पर एक बुजुर्ग के गले से बदमाश सोने की चेन लेकर चंपत हो गए। ललिता राठौर पिता हेमंत कुमार राठौर निवासी वेंकटेश नगर की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। उन्होंने पुलिस को बताया कि अज्ञात आरोपी गले में पहने सोने की चेन चुराकर भाग गया।

## चोरी के आरोपी से पूछताछ में गैंग का खुलासा

### पकड़ाए आरोपियों से पांच लाख से ज्यादा का माल बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** खजराना में गार्डन से कीमती सामान चोरी करने वालों को फरियादी ने खुद पकडकर पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने इनसे पूछताछ की तो चोरी करने वाली गैंग का खुलासा हुआ जिसमें दो नाबालिग और महिलाएं भी शामिल हैं। आरोपियों से चोरी के जेबीएल मानीटर,स्टूडियो मास्टर डीजे, एलईडी, मेटल लाइट सहित पांच लाख रुपए से ज्यादा का माल बरामद किया है।

पुलिस थाना खजराना पर परवेज खान ने रिपोर्ट लिखाई थी कि मैने दस्तूर डीलाईट गार्डन पर शादी का कार्यक्रम होने से अपना साउण्ड सिस्टम लगाया था जिसमे से अगले दिन देखा तो जेबीएल मानीटर 4 नग, स्टुडियो मास्टर डीजे 2500 एक,एलईडी 5 नग,मेटल लाईट 2 नग कीमती करीब 5 लाख का माल चोरी हो गया। परवेज खान ने खुद अपने साथियों के साथ रैकी कर इन चोरों को पकडकर खजराना पुलिस के हवाले किया था। पुलिस ने इस मामले में तुषार गुर्जर,गुरवा नगर,अंकिता गुर्जर,गुरवानगर,सोहिंता पंवार,खुडैल,सना पंवार,खुडैल सहित दो नाबालिगों को पकड़ा और उनसे चोरी का पांच लाख का माल बरामद किया है। आरोपियों की गैंग सुबह सुबह कचरा बीनने के लिये बडे बडे आयोजन स्थलों व प्रतिष्ठानो के आसपास घूमकर रैकी करते थे और मौका मिलते ही कीमती सामान चुरा ले जाते थे। आरोपियों से अन्य वारदातों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

## बुआ के पड़ोसी ने की बालक से गंदी हरकत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एमआईजी में 10 साल के मासूम के साथ गलत हरकत का मामला सामने आया है। पीडित अपनी बुआ के यहां गया था। आरोपी वहीं पडोस में रहता है। वह बच्चे को अपने साथ ले गया और उसके साथ गलत हरकत की। इसके बाद गला दबाकर उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में आरोपी पर केस दर्ज कर लिया। आरोपी का नाम शुभम बताया गया है। हरकत के बाद बच्चे ने अपनी मां और दादा को ये बात बताई उसके बाद मामला एमआईजी पुलिस तक पहुंचा।

## अगरबत्ती बनाने वाले कारखाने में लगी आग तीन लोग झुलसे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** मानपुर थाना क्षेत्र में अगरबत्ती बनाने वाले कारखाने में सोमवार रात आग लग गई। घटना में तीन लोग झुलस गए। हादसे में घायल 3 लोगों को इंदौर रेफर किया गया। मामले की जानकारी लगते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची इस दौरान फायर ब्रिगेड ने तत्काल आग पर काबू पा लिया।

जानकारी के अनुसार घटना सोमवार रात गुरुद्वारा के समीप अगरबत्ती बनाने वाले कारखाने में शॉर्ट सर्किट से अचानक कुछ हिस्से में आग भभकी, जिसमें चेतन पिता बगन निवासी गुजरी 30 वर्ष, वीरेंद्र पिता मानसिंह 35 वर्ष, सोनू पिता रामचंद्र 40 वर्ष झुलसे हैं। सभी घायलों को इंदौर के निजी अस्पताल रेफर किया गया है।

वहीं आग लगने की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। जिस जगह कारखाना है, उसे राम कन्या बाई ने इंदौर के किसी व्यक्ति को किराए पर दिया था। पुलिस इसकी भी जानकारी जुटा रही है। एएसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया की अगरबत्ती बनाने के दौरान आग भभकने की घटना हुई है। तीन लोग झुलसे है। मामले की जांच की जा रही है।

## बहू ने सिर फोड़ दिया

**इंदौर।** लसूडिय़ा इलाके में बुजुर्ग महिला पर उसकी बहू ने ही तवे से हमला कर उसे घायल कर दिया। बुजुर्ग महिला अपने दामाद के लिए खाना बना रही थी, यही बात बहू को अखर गई। घरेलू झगड़े में उसने सास पर ऐसा हमला किया की सास अचेत हो गई। लसूडिया पुलिस के अनुसार फरियादी संजू बाई अग्रवाल निवासी बीजूखेड़ी कांकड़ की शिकायत पर उसकी बहू आरती पति अंकित अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। दरअसल संजू बाई का दामाद उनके साथ ही रह रहा है ,संजू बाई कल शाम को काम पर से आई और घर पर दामाद के लिए खाना बनाने लगी। बहू आरती ने यह देखा तो वह नाराज हो गई, उसका कहना था कि रोज-रोज जमाई को घर बैठ कर क्यों खाना खिला रही है। संजू बाई ने विरोध किया तो बहू आरती ने मारपीट शुरू कर दी। उसने वहीं रखा गरम तवा उठाया और संजू बाई के सिर पर दे मारा । बहू ने धमकी दी कि अगर वह नहीं सुधरी तो उसकी जान ले लेगी।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक